पाठ 3 कक्षा 5 सच्चा दोस्त
(प्रश्न १)सही उत्तर के सामने सही का निशान लगाओ-
क-चाचा नेहरू कहां गए थे?
इलाहाबाद✓
ख-बच्चे नेहरु जी से कहां मिले?
आनंद भवन✓
ग-बच्चे कौन-कौन से खेल खेलते थ?
तीनों उत्तर सही है✓
घ-पार्सल कहां से आया था?
प्रधानमंत्री के दफ्तर से✓
(प्रश्न २) किसने कहा किससे कहां ?
क-तुम लोग क्या खेलते हो?
उत्तर-पंडित जवाहरलाल नेहरू ने बच्चों से कहा।
ख-हमारी पुस्तके भीगना पसंद नहीं करती।
उत्तर-एक छोटे बच्चे ने पंडित जी से कहा।
ग-मेरी पीठ पर चाचा ने यहां थपथपाया था।
उत्तर-एक लड़के ने दूसरे बच्चों से कहा।
घ-बताओ, चाचा नेहरू ने आप सबके लिए क्या भेजा है?
उत्तर-हेड मास्टर जी ने बच्चों से कहा।
(प्रश्न ३) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
क-पंडित जवाहरलाल नेहरू से बच्चों का कैसा संबंध था?
उत्तर-पंडित जवाहरलाल नेहरु से बच्चों का बड़ा ही आत्मीय संबंध था।
ख-चाचा नेहरू ने बच्चों से क्या सवाल पूछे?
उत्तर १-तुम सब कैसे हो?
२-तुम लोग क्या खेलते हो?
ग-चाचा नेहरू ने बच्चों को क्या सलाह दी?
उत्तर -चाचा नेहरू ने बच्चों से कहा पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी भाग लेना चाहिए इसके अलावा हमें प्रकृति को भी देखना चाहिए। पेड़-पौधे देखने चाहिए। यह कितने रंग बिरंगे होते हैं।
घ-बच्चों को चाचा नेहरू क्यों अच्छे लगे?
उत्तर-बच्चों को चाचा नेहरू इसलिए अच्छे लगे क्योंकि वह भी बच्चों के साथ बिल्कुल बच्चे बन गए थे उन्हीं के जैसे बातें कर रहे थे उनके साथ हंसी मजाक कर रहे थे खेल रहे थे ।
भाषा से
(प्रश्न १) चार शब्द युग्म लिखिए
उत्तर क-आंख-मिचौली
ख-रंग -बिरंगे
ग-हंसना-रोना
घ-खाना-पीना
(प्रश्न २) नीचे दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए-
उत्तर-दोस्त-मित्र
दिवस-दिन
व्यक्ति-मनुष्य
शामिल-सम्मिलित
फूल-पुष्प

पेड़-वृक्ष
प्रेम-प्यार
समस्या-परेशानी
तकलीफ-परेशानी
(प्रश्न ३) नीचे दिए गए शब्दों के बहुवचन शब्द लिखें-
चुटकुला-चुटकुले।   तितली-तितलियां
समस्या-समस्याएं।   तकलीफ-तकलीफें
कठिनाई-कठिनाइयां।   बरसाती-बरसातियॉ
सलवट-सलवटें।   फ्रॉक-फ्रॉकें
खुशी-खुशियां
(प्रश्न ४) नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को बहुवचन में बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए-
क-तुम क्या खेलते हो?
उत्तर-तुम लोग क्या खेलते हो।
ख-अब मुझे चलना चाहिए।
उत्तर-अब हमें चलना चाहिए।
ग-मैं तो पूछना ही भूल गया।
उत्तर-हम तो पूछना ही भूल गए।
घ-पता नहीं उसे मेरी बात याद रही भी या नहीं।
उत्तर-पता नहीं उन्हें हमारी बात याद रही भी या नहीं।
ङ-वह चाचा नेहरू के बारे में बात कर रहा था।
उत्तर-वे चाचा नेहरू के बारे में बातें कर रहे थे।